एक नजर में

हर संस्थान में कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए एक समिति होना चाहिए

मंडलेश्वर, निप्र। किसी भी कार्यस्थल पर जहाँ महिलाएं कार्यरत हो वहाँ पर महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न रोकने के लिए एक समिति का गठन किया जाना अनिवार्य हैं यह समिति किसी महिला कर्मचारी के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न की शिकायत की जांच कर कार्यवाही कर सकती हैं।यह जानकारी जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई ने आचार्य मंडन मिश्र शासकीय महाविद्याल मंडलेश्वर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी के निर्देश पर आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में प्रदान की।मोटर व्हीक एक्ट के बारे में जानकारी देते हुए जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई ने कहाँ की कभी भी बिना लायसेंस बिना बीमा के वाहन नहीं चलाना चाहिए। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाना चाहिए बाइक पर ट्रिपल सावरी नहीं बिठाए बाइक पर पीछे बैठने वाले कों भी हेलमेट लगाना चाहिए।अपना वाहन कभी किसी ऐसे व्यक्ति को चलाने को नहीं दे जिसके पास ड्राइविंग लायसेंस नहीं हो अगर आप ऐसा करते है तो आप परेशानी में भी पड़ सकते हैं अपने वाहनों का बीमा भी अवश्य कराएं। पैरालीगल वालेंटियर दुर्गेश राजदीप ने विधिक सेवा की जानकारी दी। महाविद्याल के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ प्रवीर पाण्डेय ने स्वागत भाषण में महाविद्याल की महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के लिए गठित समिति की जानकारी दी। इस अवसर पर श्रीमति कविता साकले, श्रीमति निधि अग्निहोत्री, रामेन्द्र योगी, ब्रजेश हिरवे उपस्थित रहे।

उर्स मुबारक पर गूंजे सूफियाना कलाम कौमी एकता का दिया संदेश

कसरावद, निप्र। खरगोन जिले के कसरावद नगर परिषद चौक में हजरत गंजशाह वली रहमतुल्लाह अलैह के उर्स मुबारक के अवसर पर भव्य कव्वाली मुकाबले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूर-दूर से आए कव्वालों ने सूफियाना कलाम, देशभक्ति शायरी और कौमी एकता के पैगाम से माहौल को रूहानी बना दिया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रोताओं ने उपस्थित होकर रातभर कव्वाली का आनंद लिया। कव्वालों ने अपने अंदाज में मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत का संदेश दिया। मंच से पढ़े गए शेरों और सूफियाना कलाम पर उपस्थित लोग देर रात तक झूमते नजर आए। कव्वाली मुकाबले में गुजरात से आए कव्वाल सिराज चिश्ती एवं राजस्थान की कव्वाला सिमरन सूफी ने शानदार प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के दौरान हिंदू-मुस्लिम एकता और देशप्रेम पर आधारित शायरी ने लोगों का दिल जीत लिया। उर्स कमेटी के सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में भाईचारा, प्रेम और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पूरी रात चले इस आयोजन में सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे। उर्स कमेटी के सदर तस्लीम खान, नायब सदर नईम शेख पत्रकार सर परस्त शेरखान अंसारी शहर सदर कसरावद मुस्लिम समाज, लंगर कमेटी सदर हाजी आदिल मुल्तानी, रफीक अंसारी, जफर शेख, नईम पेंटर, फिरोज खान एवं उसे कमेटी के सदस्यों ने अवाम का शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम का संचालन सायर कयामुद्दीन कयाम ने किया।

सतपुड़ा के ग्राम धूपा का बेटा चमका

खरगोन, निप्र। खरगोन जिले की सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला के बीच बसे मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र सीमा से लगे ग्राम धूपा के निवासी भारत अवासे ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा 2025 में राजनीति विज्ञान विषय से सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साधारण कृषि परिवार में जन्मे भारत अवासे ने सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। भारत अवासे ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा-दादी, माता-पिता और परिवार के आशीर्वाद को दिया है। उन्होंने कहा कि परिवार के सहयोग और प्रेरणा ने उन्हें हमेशा आगे बढ़ने की ताकत दी। ग्रामीण परिवेश से निकलकर राज्य स्तर की महत्वपूर्ण परीक्षा में सफलता प्राप्त करना क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है। गांव के लोगों मित्रों और शुभचिंतकों ने भारत अवासे को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। युवाओं के लिए बने प्रेरणा भारत अवासे की सफलता यह साबित करती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो ग्रामीण क्षेत्र का युवा भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकता है। उनकी इस सफलता ने सतपुड़ा अंचल के विद्यार्थियों में नया उत्साह भर दिया है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने किया बारहमासी छात्रावास में चल रहे समर कैंप का निरीक्षण

खरगोन, निप्र। जनजातीय कार्य विभाग एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बारहमासी छात्रावासों में चल रहे समर कैंप के तहत वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय सीनियर कन्या उत्कृष्ट छात्रावास खरगोन में छात्रावास अधीक्षिका उर्मिला वानखेड़े के द्वारा समर कैंप की गतिविधियों का सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत विकासखंड शिक्षा अधिकारी विष्णु पाटीदार जी, असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर असद शेख, ब्लॉक मैनेजर राहुल यादव, कादिर खान द्वारा हॉस्टल में चल रहे समर कैंप का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बालिकाओं द्वारा समर कैंप की गतिविधियां बीज रोपण, एवं बीज से पौधा बनाने की प्रक्रिया को समझाया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा बच्चों से समर कैंप की गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की तथा उनके द्वारा बनाई गई रचनात्मक कलाकृतियों कपड़ों से कठपुतली, कागज के खिलौने, मिट्टी की कलाकृतियों की प्रशंसा की, तथा सभी को नियमित रूप से सभी गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। सक्षम असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर असद शेख सर द्वारा बालिकाओं को करियर मार्गदर्शन भी दिया गया, ब्लॉक मैनेजर कादिर खान एवं ब्लॉक मैनेजर राहुल यादव द्वारा बालिकाओं को बच्चों के अधिकार एवं जे जे, पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी।

पर्यटकों को आकर्षित करने लगे मंडलेश्वर के नर्मदा घाट

नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप का संकल्प और सपना अब साकार होता आ रहा है नजर

नवभारत न्यूज

मंडलेश्वर, निप्र । सुंदर शांत और सुरक्षित मंडलेश्वर का नर्मदा घाट अब पर्यटको कों भाने लगा हैं। नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे का संकल्प और सपना अब साकार होता नजर आ रहा है। विश्वदीप मोयदे ज़ब नगर परिषद अध्यक्ष चुने गए थे तब भव्य नर्मदा घाट का भूमिपूजन कर निर्माण कार्य प्रारम्भ किया था उस समय उन्होने सोचा था की एक दिन ऐसा आएगा की यहां पर्यटको की भीड़ लगेगी।

उनकी बात उनका सपना अब साकार होने लगा हैं। मंडलेश्वर में अब नर्मदा का घाट पर्यटकों को आकर्षित करने लगा हैं। प्रतिदिन 50 से 75 के बीच वाहनों की इंट्री घाट पर हो रही हैं अमावस्या पूर्णिमा पर यह संख्या बढ़ जाती हैं। यहां महेश्वर जाने वाला ट्रैफ़िक भी टर्न हो रहा हैं महेश्वर घाट देखने के बाद मंडलेश्वर में स्नान करना लोगो कों अब ज्यादा सुरक्षित लगने लगा हैं। महेश्वर के प्राचीन घाटों का सौंदर्य अपने आप में अद्वितीय हैं। उसी की तर्ज पर अब मंडलेश्वर का घाट भी धीरे धीरे लोकप्रियता हासिल करने लगा है यहां की सुहानी शाम सुन्दर साफ सुथरे घाट, शांत वातावरण और शाम कों परम्परागत ढोलक मंजीरे घंटा और शंख की ध्वनि के साथ बिना किसी लाउड स्पीकर के नर्मदा आरती और नर्मदा अष्टक की प्रस्तुति किसी कों भी इन घाटों की ओर खींच सकती है।

सुरक्षा के व्यापक इंतजाम यहां की विशेषता...

मंडलेश्वर के घाट इतने साफ सुथरे और सुरक्षित हैं की बच्चे भी यहां बेखौफ़ नहाते हैं विशेष अवसरो पर यहां नगर परिषद के गोताखोर चौकन्ने देखे जा सकते है जो आम दिनों में भी हाजिर रहते है। सस्ता सुलभ और सुरक्षित नौका विहार यहाँ की बड़ी विशेषता हैं। यहां घाटों पर मजबूत रेलिंग के साथ ही पर्याप्त सांख्या में सीमेंट की कुर्सीयाँ रखी गई हैं पुरे घाट पर प्रकाश व्यवस्था हायमास्ट लगाकर प्रकाश की बेहतर व्यवस्था घाट से लेकर बस स्टैंड तक अच्छी लाइटिंग हैं। नर्मदा आश्रय स्थल जो घाट पर पर स्थित हैं वहाँ स्वच्छ आर ओ का ठंडा शीतल पानी उपलब्ध हैं उसी के बगल में नगर परिषद का अत्याधुनिक शौचालय भी हैं। यहां आने वालों कों घूमने के लिए खुला घाट और नर्मदा के जल से टकराकर आते शीतल हवा के झोको का यादगार स्पर्श नया अनुभव बना जाता हैं।नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने बताया की घाट पर अब पर्यटक आने लगे हैं यह खुशी की बात हैं घाट पर साफ सफाई और पार्किंग की अच्छी व्यवस्था हैं यहां वाहन घाट तक आ सकते हैं इससे बुजुर्ग और निशक्त जन आसानी से यहां पहुंच सकते हैं।

संयुक्त संचालक ने किया नगर परिषद का औचक निरीक्षण

कसरावद, निप्र । नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग इंदौर के संयुक्त संचालक एस.के. सिन्हा ने गुरुवार को नगर परिषद कसरावद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं का स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया।

संयुक्त संचालक सिन्हा ने निमाड़ लाइब्रेरी, अमृत योजना अंतर्गत निर्मित किए जा रहे पार्क, स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा एमपीयूडीसी द्वारा संचालित नल-जल योजना का निरीक्षण किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने नगर परिषद द्वारा बरसात पूर्व की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की और आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपयंत्री सहित परिषद का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

गृहमंत्री शाह से मिला एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन

खरगोन, निप्र। ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलन्त्री के नेतृत्व के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में देश के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता अमित शाह से उनके निवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने देश के 12 लाख कृषि इनपुट डीलरों और करोड़ों किसानों के हितों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर चार महत्वपूर्ण मांग पत्र गृहमंत्री को सौंपा।

इस प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के महासचिव प्रवीण पटेल, संगठन मंत्री सुभाष शाह, संगठन मंत्री अरविंद पटेल और सदस्य रमेश पटेल मुख्य रूप से उपस्थित थे। ज्ञापन में सीलबंद उत्पाद कानून में संशोधन की मांग की। यदि किसी कंपनी द्वारा सीलबंद पैकेट या बोतल का सरकारी सैंपल फेल होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सीधे निर्माता कंपनी की होनी चाहिए। मूल सीलबंद अवस्था में माल बेचने वाले डीलरों को निर्दोष माना जाए। उर्वरक मार्जिन में बढ़ोतरी और टैगिंग पर रोक की मांग। खाद निर्माता कंपनियों द्वारा यूरिया और डीएपी के साथ जबरन टैगिंग प्रथा पर तुरंत रोक लगे। कीटनाशकों पर 18 प्रतिशत जीएसटी की दर को घटाकर 5 प्रतिशत करने सहित अन्य मांगें शामिल रही।

कुएं में मिला तीन दिन से लापता सेल्समैन का शव

खरगोन, निप्र । शहर सीमा से लगे ग्राम भसनेर में पिछले तीन से लापता सोसायटी सेल्समेन का शव गुरुवार को ग्राम के ही एक खेत स्थित कूएं से बरामद किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए शव जिला अस्पताल भेजा। लंबे समय तक पानी में रहने के कारण शव क्षत-विक्षत अवस्था में होने से चिकित्सकों ने पीएम से इंकार कर दिया और मेडिकल अस्पताल खंडवा भेज दिया। इस प्रक्रिया से परिजनों में नाराजगी भी देखी गई। अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी अनुसार रविंद्र पिता कालूराम बिल्लौरे (40) सहकारी सोसायटी में बतौर सेल्समेन के पद पर कार्यरत था। परिजनों के अनुसार रविंद्र 19 मई से लापता था, जिसकी तलाश की जा रही थी। गुरुवार को शव कूएं में मिला। जिला अस्पताल के पीएम रुम में शव का पीएम रुप करने से चिकित्सको ने इंकार कर दिया। चिकित्सकों का कहना था कि पानी में रहने के कारण शव फूल गया है, त्वचा गलने लगी है। इस स्थिति में मेडिकल कॉलेज ही पीएम होगा। शव खंडवा ले जाना होगा। इस पर मृतक के भाई गणेश बिल्लौरे, रिश्तेदार दिलीप पंचोली एवं राहुल बड़ोले ने नाराजगी जताई। पंचोली ने आरोप लगाया कि मृतक गरीब परिवार है, इसलिए चिकित्सकों ने शव के साथ भी भेदभाव किया है। यदि कोई प्रभावशाली व्यक्ति होता तो, उसके साथ अलग बर्ताव होता। हमें शव को खंडवा ले जाने के लिए शव वाहन भी नही मिला। पिकअप वाहन से शव खंडवा ले गए।

स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए

खरगोन, निप्र। आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को उनकी 36 वीं पुण्यतिथि पर याद किया गया। कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर देश को दिए योगदान को याद किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने कहा कि स्व. राजीव जी ने इस देश को सूचना प्रौद्योगिकी से लेंस कर विश्व पटल पर एक विशिष्ट पहचान दी। इसी तरह देश में पंचायती राज को स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश पप्पू पटेल ने कहा कि स्व. गांधी ने भारत देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर विश्व को एक उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी दी, जिसने देश के लाखों युवाओं को विश्व आई टी सेक्टर में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन का अवसर दिया। इस अवसर पर किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष परसराम पाटीदार, जितेंद्र भावसार, कादर बेग, प्रवक्ता राजेश मंडलोई, संजीव गांगुली, रीवा चौहान, डेविड ब्रेनर्ड, प्रकाश जोशी, राजेंद्र पंवार आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर स्व. गांधी को याद किया।

कसरावद में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर किया याद

कसरावद, निप्र । ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसरावद के तत्वावधान में गुरुवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में नगर एवं ब्लॉक क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर पुष्प अर्पित किए तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष परसराम यादव ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक सोच देने का कार्य किया। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने, कंप्यूटर क्रांति की शुरुआत करने तथा युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मताधिकार दिलाने जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिनका लाभ आज भी देश को मिल रहा है। कार्यक्रम में पार्षद डॉ. शिरीष जायसवाल, किसान नेता कैलाश दरबार, विकास रायली, अजय मंडलोई, अबरार पठान, नवीन बार्चे, इम्तियाज पटेल, मुजाहिद खान, फिरोज खान एवं विनोद नामदेव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगर परिषद महेश्वर का नाला सफाई अभियान

खरगोन, निप्र । बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ एवं जलभराव की संभावित स्थिति से निपटने के लिए नगर परिषद महेश्वर द्वारा नालों की सफाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

यह अभियान कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देशानुसार प्रारंभ किया गया है, ताकि समय रहते नगर क्षेत्र में जल-निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके। नगर परिषद महेश्वर द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में बड़े नालों की व्यापक सफाई कराई जा रही है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 03, 04, 09 एवं 10 में नालों की सफाई का कार्य पूर्ण किया गया। अभियान के दौरान गाद, कचरा एवं अवरोधक सामग्री हटाकर नालों को सुचारु रूप से बहाव योग्य बनाया जा रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष अलका यादव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रियंक पंड्या द्वारा आम नागरिकों एवं वार्डवासियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि नाले प्राकृतिक या मानव-निर्मित जल-निकासी मार्ग होते हैं, जिनका मुख्य उपयोग मानसून अथवा भारी वर्षा के समय होता है। वर्ष के शेष महीनों में ये सामान्यत: सूखे रहते हैं, किंतु बरसात में इनकी स्वच्छता अत्यंत आवश्यक होती है। नगर परिषद ने नागरिकों से भी अपील की है कि नालों में कचरा न डालें तथा स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि बरसात के दौरान जलभराव और अचानक भीषण बाढ़ जैसी स्थिति से बचा जा सके।

एक नजर में

25 मई को गंगा दशहरा पर्व पर कलश यात्रा आयोजन को लेकर सविस्तार रूप रेखा योजना की समझाइश दी

जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत तालाब का गहरीकरण और जल चौपाल संवाद आयोजित

नवभारत न्यूज

गोगावा, निप्र । जिले के विकास खण्ड गोगावां के ग्राम नागझिरी में मप्र जन अभियान परिषद खरगोन जिला समन्वयक विजय शर्मा के निर्देशन में जारी है। गोगावां बीसी धर्मेंद्र गुप्ता के सानिध्य में, सेक्टर क्रमांक 04 नागझिरी के मेंटर सुनीता बोरसे के मार्गदर्शन में, नवांकुर संस्था नागझिरी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष शंकर सिंह देवडा तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम नागझिरी के अध्यक्ष, सचिव व टीम के सहयोग से अभियान जारी है।

बुधवार को सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक पर्यावरण संरक्षण हितार्थ के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत एवं जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के तहत गौशाला के पास, नागझिरी में तालाब का गहरीकण किया गया। इसके साथ ही जल चौपाल जल संवाद की बैठक भी आयोजित की गई। गोगावां विकास खण्ड समन्वयक गुप्ता ने उपस्थित जन समुदाय को पर्यावरण हितार्थ प्रेरक संदेश दिया कि जल बिना हम कुछ भी नहीं है, जल है तो कल है, जल ही जीवन का मूल आधार है, और जल से ही सारी खुशियां है। जल हम सभी मानव जाति, पशु - पक्षी, वन्य एवं समस्त पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसलिए जल का संरक्षण करें, पानी की एक - एक बूंद का महत्व समझे, तपती भूमि को जल संरक्षण और पौधारोपण से ही बचाया जा सकता है। इसके साथ ही समूचे मध्य प्रदेश में वृहद स्तर पर मनाया जाने वाला 25 मई को गंगा दशहरा पर्व पर कलश यात्रा आयोजन को लेकर सविस्तार रूप रेखा योजना की समझाइश दी गई। इस पुनीत अवसर पर पर प्रमुख रूप से गोपालपुरा से नवांकुर संस्था अध्यक्ष सुमेर सिंह सोलंकी दादा, बड़गांव से नवांकुर संस्था फाऊंडर सचिव लखनलाल पगारे जी एवं बिस्टान से नवांकुर संस्था अध्यक्ष यशवंत जी पाटिल उपस्थित हुए। इनके साथ ही एमएसडब्लू, बीएसडब्लू छात्र - छात्राएं, हेमंत बोरसे, नारायण पटेल, अन्नपूर्णा मंडलोई, जितेंद्र सरदार, राजपाल सिंह चौहान, हेमंत सिंह परिहार, प्रदीप देवड़ा एवं अन्य ग्रामवासी, महिला - पुरुष व बच्चे उपस्थि रहे।